एजेंसी बैंक/भारतीय रिजर्व बैंक के द्वारा ₹7.11 करोड़ को दंडित ब्याज दावों का निपटान नहीं किया गया है। विवरण निम्न प्रकार हैः

क्र. सं.	दंडित ब्याज दावे का विवरण	राशि(करोड़ में)
1.	बिलम्बित प्रेषण/गलत भुगतान के कारण दंडित ब्याज दावे	4.57
2.	पंजाब सरकार की बजाय हरियाणा सरकार से गलत काटी राशि पर दंडित ब्याज	1.27
3.	हरियाणा सरकार से गलत काटी राशि उल्ट करने के कारण दंडित ब्याज दावे	1.27
	जोड़	**7.11**

ग) भारतीय स्टेट बैंक द्वारा हरियाणा के महानिदेशक, ट्रेजरी और लेखा द्वारा उठाए गए दावे का गैर-निपटान

महानिदेशक, खजाना एवं लेखा, हरियाणा ने भारतीय स्टेट बैंक द्वारा 2015-16 में गलत भुगतान करने के लिए देरी की अवधि के लिए ब्याज हेतु ₹1.15 करोड़ का दावा किया है जिनका निपटान भारतीय स्टेट बैंक द्वारा अभी तक नहीं किया गया है।

(vii) प्रतीक्षित उपयोगिता प्रमाण पत्र

पंजाब वित्तीय नियम, खण्ड-1 (जो कि हरियाणा राज्य में लागू है) के नियम 8.14 के अनुसार, जहॉ सहायता अनुदान विशिष्ट प्रयोजनों के लिए स्वीकृत किए जाते हैं, संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्धारित अवधि के भीतर उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) को प्रस्तुत करना चाहिए। निर्धारित अवधि के बाद उपयोगिता प्रमाण पत्रों का लम्बित रहना नियत उद्देश्यों के लिए अनुदान के उपयोग पर आश्वाशन की अनुपिस्थति की ओर इंगित करता है तथा लेखों में दर्ज व्यय को उस सीमा तक अंतिम नहीं माना जा सकता। प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) के अभिलेखों के अनुसार, लम्बित उपयोगिता प्रमाण पत्रों का विवरण निम्न प्रकार है-

वर्ष *	प्रतीक्षित उपयोगिता प्रमाण पत्रों की संख्या	राशि(करोड़ में)
2017-18 तक	860	3,852.15
2018-19	511	2,184.13
2019-20	633	4,561.30
जोड़	**2,004**	**10,597.58**

*आंकडे 31 अगस्त 2020 तक अपडेट किए गए हैं। (*वर्णित वर्ष देय वर्ष अर्थात वास्तविक आहरण से 12 माह बाद से सम्बधित है)

31 मार्च 2020 तक प्रतीक्षित उपयोगिता प्रमाण पत्रों की 91.06 *प्रतिशत* राशि, चार विभागों : शहरी विकास विभाग (49.74 *प्रतिशत* - ₹5,271.20 करोड़ के 625 उपयोगिता प्रमाण पत्र), ग्रामीण विकास विभाग (32.98 *प्रतिशत* - ₹3,495.22 करोड़ के 933 उपयोगिता प्रमाण पत्र), स्वास्थ्य विभाग (5.86 *प्रतिशत* - ₹620.50 करोड़ के 42 उपयोगिता प्रमाण पत्र) तथा सामान्य शिक्षा विभाग (2.48 *प्रतिशत* - ₹263.26 करोड़ के 70 उपयोगिता प्रमाण पत्र) से संबंधित है ।

3. अन्य मदें

(i) परिभाषित अंशदायी पेंशन योजना (डी. सी. पी. एस.)

31 दिसम्बर, 2005 या उससे पूर्व नियुक्त राज्य सरकार के कर्मचारियों की " पेंशन व अन्य सेवानिवृत्ति लाभों " पर, वित्त वर्ष 2019-20 के दौरान ₹ 8,138.74 करोड़ (कुल राजस्व व्यय ₹84,848.21 करोड़ का 9.59 *प्रतिशत*) का व्यय किया गया। 1 जनवरी 2006 या उसके बाद भर्ती किए गए राज्य सरकार के कर्मचारी, नई पेंशन स्कीम जो कि एक परिभाषित अंशदायी पेंशन योजना है, के पात्र हैं।

इस योजना के अन्तर्गत, कर्मचारी अपने मूल वेतन व महगांई भत्ते का दस *प्रतिशत* अंशदान करता है एवं इसके समतुल्य अंशदान, राज्य सरकार करती है एवं सारी राशि, राष्ट्रीय प्रतिभूति जमा निगमित (एन.एस.डी.एल.) /अमानती बैंक के माध्यम से मनोनीत निधि प्रबंधक को हस्तान्तरित की जाती है। कर्मचारियों द्वारा देय वास्तविक राशि एवं राज्य सरकार द्वारा समतुल्य अंशदान का, वर्षों से अनुमान नहीं लगाया गया है।

वर्ष 2019-20 के दौरान, कर्मचारी अंशदान के ₹717.91 करोड़ के मुकाबले राज्य सरकार द्वारा केवल ₹694.20 करोड़ का अंशदान किया गया। इस प्रकार, राज्य सरकार ने अपना सांविधिक दायित्व का निर्वहन नहीं किया क्योंकि वह डी. सी. पी. एस. के तहत सरकार के हिस्से के रूप में ₹ 23.71 करोड़ का समरूप अंशदान करने में विफल रही। इस प्रकार, राज्य सरकार द्वारा डी. सी. पी. एस. में ₹ 23.71 करोड़ का कम अंशदान उसी हद तक राजस्व व्यय को कम करके दिखाता है । इसके अतिरिक्त 31 मार्च 2020 तक डी. सी. पी. एस.के तहत ₹1,412.11 की कुल संग्रह में से राज्य सरकार ने डी. सी. पी. एस. के प्रावधानों के अनुसार एन.एस.डी.एल. को आगे निवेश करने के लिए केवल ₹1,407.78 करोड़ की राशि का हस्तांतरण किया तथा वर्ष 2019-20 के लिए अभी तक मनोनीत निधि प्रबंधक को ₹4.33 करोड़ की राशि का हस्तांतरण करना बाकी है।

31 मार्च 2020 तक, ₹56.60 करोड़ (₹23.71 का कम अंशदान विवरणी - 21 के अनुसार तथा अहस्तांतरित ₹32.89 करोड़) हस्तांतरित होने बकाया थे। ₹23.71 करोड़ के कम हस्तांतरण के परिणाम स्वरूप राजस्व/ राजकोषीय घाटा उसी सीमा तक कम दिखाया गया (लेखाओं के अनुसार राजकोषीय घाटा ₹30,518.62 करोड़ है)। एन.एस.डी.एल. ने ₹1,410.91 करोड़ जमा होने की पुष्टि की है।

राज्य सरकार को उसके द्वारा जमा करवाई गई राशि और एन.एस.डी.एल.द्वारा स्वीकृत की गई राशि के बीच के अंतर के मिलान के लिए कहा गया था।

(ii) ऋण और अग्रिम

विवरणी 7 और 18 में दर्ज ऋण और अग्रिमों की जानकारी राज्य सरकार के विभागों से एकत्रित की गई है जो कि इन लेखों के रख-रखाव के लिए जिम्मेदार हैं। वर्ष 2019-20 के अंत तक राज्य सरकार द्वारा कुल ₹7,390.30 करोड़ के ऋण प्रदान किए गए। इन में से सरकारी निगमों/कंपनियों, गैर-सरकारी संस्थानों तथा स्थानीय निकायों को प्रदत्त ऋणों और अग्रिमों की राशि ₹7,313.94 करोड़ थी। राज्य सरकार ने वर्ष 2019-20

के दौरान पांच सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को ₹420.63 करोड़ की राशि (हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड को ₹100.00 करोड़, हरको बैंक को ₹60.00 करोड़, हरियाणा राज्य सहकारी कृषि और ग्रामीण विकास बैंक को ₹100.00 करोड़ दो बिजली कंपनियों को ₹160.63 करोड़) ऋण और अग्रिम के रूप में दी। वर्ष 2019-20 के अंत में ₹55.27 करोड़ के मूलधन की वसूली बकाया थी। राज्य सरकार द्वारा ब्याज की बकाया राशि की वसूली से संबंधित जानकारी उपलब्ध नहीं करवाई गई। राज्य सरकार को वर्ष 2019-20 के दौरान, ऋणों की अदायगी के तौर पर ₹5,392.63 करोड़ (बिजली वितरण कंपनियों के संबंध में ₹5,190.00 करोड़ के ऋणों को इक्विटी में परिवर्तित करने सहित) की राशि प्राप्त हुई। जिसमें से ₹68.62 करोड़ सरकारी कर्मचारियों द्वारा किए गए ऋणों के पुर्नभुगतान से संबंधित है। बकाया ऋणों की वसूली के लिए उठाए जाने वाले प्रभावी कदम सरकार की राजकोषीय स्थिति को सुधारने में सहायक होंगे।

हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड (एच.एस.ए.एम.बी.) को शीर्ष 6401 के अंतर्गत ग्रामीण लिंक सड़कों के निर्माण तथा विशेष मुरम्मत के विभिन्न विकास कार्यों को निष्पादित करने के लिए डायवर्सन के माध्यम से नई योजनाओं को प्रारंभ कर ₹100.00 करोड़ का अल्पावधि ऋण स्वीकृत किया। लेकिन स्वीकृति में यह उल्लेख किया गया था कि तात्कालिकता के कारण, व्यय को वर्ष 2019-20 के दौरान हरियाणा में गन्ना उत्पादकों को भुगतान करने के लिए निजी चीनी मिलों को वित्तीय सहायता की मौजूदा योजना पर बुक कर दिया जाये। शीर्ष 6501 के तहत इस कार्यालय द्वारा नई योजनाओं को खोला गया था, लेकिन नई योजनाओं में धन के हस्तांतरण का कोई प्रस्ताव राज्य सरकर से प्राप्त नहीं हुआ है। ₹60.00 करोड़ की राशि को सत्र 2018-19 के किसानों की लंबित गन्ना बकाया देने के लिए नारायणगढ़ शुगर मिल्स लिनिटेड, नारायणगढ़ को ऋण उपलब्ध कराने के लिए शीर्ष 6401 के तहत हरको बैंक लिमिटेड, चण्डीगढ़ को मंजूर किया गया था। इसके अतिरिक्त, शीर्ष-6860-04 के अंतर्गत विभिन्न सहकारी चीनी मिलों को ₹770.82 करोड़ का भुगतान किया गया। जिसमें सहकारी चीनी मिलों के ऋणों के एकमुश्त निपटान के (₹640.00 करोड़) और सहकारी चीनी मिलों में पावर को-जेनरेशन और इथेनॉल प्लांट स्थापित करने के लिए (₹130.82 करोड़) दिए गए। इसके अतिरिक्त, ऋणियों के खातों व कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) हरियाणा के बीच बकाया ऋणों और अग्रिमों के आंकड़े राज्य सरकार द्वारा मिलान/पुष्टि नहीं किए जा रहे हैं। उदाहरण के तौर पर हरियाणा राज्य लघु सिंचाई और नलकूप निगम लिमिटेड (एचएसएमआईटीसी) के संबंध में ऋण और उपार्जित ब्याज (₹215.15 करोड़) जनवरी, 2018 में राज्य सरकार द्वारा बजट अनुमान में बिना किसी प्रावधान (2702 के तहत) के भट्टे-खाते में डाले गए। जिस से राज्य के खातों में ऋण बकाया दिखाया गया, लेकिन संकाय के खातों में ऋण शून्य दिखाया गया । कार्यालय ने प्रवेश सम्मेलन के समय मिलान की आवश्यकता पर जोर दिया।

(iii) गारंटियॉ

प्रत्यक्ष रूप से ऋण उठाए जाने के अतिरिक्त राज्य सरकार, विभिन्न योजनाओं तथा कार्यक्रमों के क्रियान्वयन हेतु विभिन्न सांवधिक निगमों सरकारी कम्पनियों तथा निगमों सहकारी समितियों द्वारा बाजार तथा वित्तीय संस्थानों के लिए गए ऋणों की प्रतिभूतियां भी देती है। ये प्रतिभूतियां ऋणी, जिनके लिए प्रतिभूति दी गई थी, ऋण की वापसी तथा पूंजी तथा उसके ब्याज की अदायगी न कर पाने की स्थिति में, राज्य की समेकित निधि पर आकस्मिक दायित्व होती हैं। इन प्रतिभूतियों को राज्य के बजट से बाहर प्रक्षेपित किया जाता है। विवरणी संख्या 9 एवं 20 में दर्शायी गई गारंटियों की स्थिति, राज्य सरकार के वित विभाग से प्राप्त जानकारी पर आधारित है । संविधान के अनुच्छेद 293 के अन्तर्गत विधान मण्डल द्वारा, कानून बनाकर राज्य सरकार द्वारा दिए जाने वाली गारंटियों की कोई सीमा निर्धारित नहीं की गई है। हरियाणा राजकोषीय उत्तरदायित्व एवं बजट प्रबंधन अधिनियम, 2005 में भी ऐसा कोई प्रावधान नहीं है जो राज्य सरकार द्वारा दी जाने वाली गारंटियों की सीमा निर्धारित करता हो। हालांकि, हरियाणा सरकार द्वारा नवम्बर, 2001 में, सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों, सहकारी संस्थाओं, स्थानीय निकायों एवं अन्य प्रतिष्ठानों द्वारा, राज्य सरकार की गारंटी पर, वित्तीय संस्थाओं से लिए जाने वाले, सभी वर्तमान ऋणों पर, दो *प्रतिशत* की दर से गारंटी फीस लगाने के आदेश जारी किए गए। राज्य सरकार, वित्त विभाग ने पत्र संख्या 3/4/2016-।।।- इरामु (एफ.डी) दिनांक 06 जुलाई, 2016 द्वारा आगे सूचित किया कि हरियाणा राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के मामले में गारंटी फीस में छूट दे दी गई है तथा हरियाणा अनुसूचित-जाति वित्त एवं विकास निगम, तथा हरियाणा पिछड़ा वर्ग व आर्थिक पिछड़ा वर्ग कल्याण निगम लिमिटेड के मामले में यह घटा कर 1 *प्रतिशत* कर दी गई है । वर्ष के दौरान, राज्य सरकार को ₹ 98.74 करोड़ गारंटी फीस प्राप्त हुई ।

(iv) निवेश

राज्य सरकार सांविधिक निगमों, सरकारी कंपनियों, संयुक्त पूंजी कंपनियों और सहकारी संस्थाओं के इक्विटी और शेयरों में निवेश करती है। लेखों की विवरणी 8 और 19 (राज्य सरकार और लेखापरीक्षा कार्यालय से प्राप्त) में दर्शाई स्थिति के अनुसार, 2019-20 के अंत में में 110 सकायों सरकार का ₹36,922.92 करोड़ निवेश था। (अर्थात कुल निवेशित राशि का 0.24 *प्रतिशत*) वर्ष 2019-20 के दौरान ₹87.01 करोड़ लाभांश प्राप्त हुआ। इसमें से, ₹3.52 करोड़ का लाभांश एक ही सांविधिक निगम अर्थात हरियाणा भण्डारण निगम, चण्डीगढ़ से प्राप्त हुआ, जिसमें निवेश की गई राशि ₹2.92 करोड़ थी और शेष ₹83.49 करोड़ का लाभांश 109 संकायों में निवेशित ₹36,920.00 करोड़ राशि से प्राप्त हुआ। वर्ष 2019-20 के दौरान, निवेश में ₹6,175.01 करोड़ (शुद्ध) और लाभांश आय में ₹30.41 करोड़ की वृद्धि हुई।

निवेशी संगठनों द्वारा निवेश के आंकड़ों का मिलान राज्य सरकार के खातों की पुस्तकों के साथ नहीं किया जा रहा है। यह मामला भी प्रवेश सम्मेलन के दौरान उठाया गया था। आंकड़ों में पाए गए अंतर और इनमें से कुछ को

अनुबंध-ग में सूचीबद्ध किए गए हैं। दक्षिण हरियाणा बिजली निगम लिमिटेड, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम लिमिटेड और हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड के मामले में अंतरों की समीक्षा करने पर पाया गयाः

राज्य सरकार ने विद्युत कंपनियों को सहायता अनुदान के रूप में 7,785.00 करोड़ की राशि (2015-16 में ₹3,892.50 करोड़ और 2016-17 में ₹3,892.50 करोड़) स्वीकृत की। जिसमें संबंधित वर्षों में राजस्व व्यय माना गया सहायता अनुदान को बाद में 2018-19 के दौरान पुनः विनियोजन आदेश (अर्थात 2015-16 और 2016-17 के वार्षिक खातों के बंद हो जाने के बाद) के द्वारा इक्विटी में परिवर्तित कर दिया गया और विद्युत कंपनियों के खातों में परिलक्षित किया गया, जो कि पंजाब बजट नियमावली के प्रावधानों के साथ-साथ लागू लेखांकन नीतियों के भी विपरीत था। इस प्रकार राज्य सरकार के वार्षिक लेखों तथा संबंधित विद्युत कंपनियों के खातों में निवेश की राशि में ₹7,785.00 करोड़ का अंतर आ गया।

(v) आरक्षित निधियॉ

आरक्षित निधियों का विवरण वित्त लेखों की विवरणी 21 एवं 22 में उपलब्ध है। विशिष्ट परियोजनों हेतु, दस आरक्षित निधियाँ (पांच ब्याज सहित और पांच ब्याज रहित) रखे गए थे। ब्याज सहित आरक्षित निधियों के निवेशित न होने की स्थिति में शेष पर ब्याज का भुगतान सरकार द्वारा किया जाता है, तथा ब्याज रहित आरक्षित निधियों के शेषों का निवेश नागपुर स्थित भारतीय रिजर्व बैंक के केंद्रीय लेखा अनुभाग के द्वारा सरकारी प्रतिभूतियों/ट्रेजरी बिलो में शेष राशि का निवेश किया जाता है। 31 मार्च 2020 तक विभिन्न आरक्षित निधियों (ब्याज सहित और ब्याज रहित) में निहित शेष नीचे सारणीबद्ध किए गए हैं :

क्र.सं.	आरक्षित निधि का नाम	31 मार्च 2020 को शेष (₹करोड़ में)
क	**ब्याज सहित आरक्षित निधियां**	
1	मूल्यह्रास आरक्षित निधि - मोटर परिवहन	490.94
2	मूल्यह्रास आरक्षित निधि - सरकारी मुद्रणालय	12.28
3	आरक्षित निधी-मोटर परिवहन दुर्घटना आरक्षित निधि	3.77
4	राज्य आपदा राहत निधी	3,172.72
5	राज्य क्षतिपूरक वनीकरण निधी	1,282.65
	कुल	**4,962.36**
ख	**ब्याज रहित आरक्षित निधियां**	
1	निक्षेप निधि	2,084.06
2	खान एवं खनिज विकास पुर्नउत्थान एवं पुर्नस्थापन निधि	220.43
3	विकास योजना के लिए निधि	1.41
4	हरिजन उत्थान के लिएग्राम पुनर्निर्माण हेतु निधि	2.29
5	गारंटी मोचन निधि	1,223.81
	कुल	**3,532.00**
	कुल योग	**8,494.36**

उपर्युक्त आरक्षित निधियों में से, (ख) ब्याज रहित आरक्षित निधियों के संख्या 3 और 4 पर वर्णित आरक्षित निधियों पर ब्याज पिछले पांच वर्षों से निष्क्रिय हैं। राज्य सरकार को इन निष्क्रिय आरक्षित निधियों को बंद करके इनके शेष को राज्य के समेकित कोष में हस्तांतरित करना अभी बाकी है।

कुछ मुख्य आरक्षित निधियोंका विवरण नीचे दिया गया है :

(क) ब्याज सहित आरक्षित निधियॉ

(i) राज्य आपदा राहत निधि

राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2010-11 में आपदा राहत निधि को राज्य आपदा राहत निधि (एस.डी.आर.एफ.) से बदल दिया। निधि के दिशा निर्देशों के अनुसार, केन्द्र व राज्यों को निधि में 75:25 के अनुपातानुसार अंशदान देना आवश्यक है। भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा दिनांक 28 सितम्बर 2010 तथा 30 जुलाई 2015 को जारी दिशा निर्देशों के अनुसार, निधि अधिशेषों को निधि के प्रबंधन के लिए गठित राज्य कार्यकारी समिति की सिफारिशों के अनुसार निवेश करना आवश्यक है।

वर्ष 2019-20 के दौरान, केन्द्रीय सरकार द्वारा राज्य आपदा राहत निधि के लिए ₹227.10 करोड़ (वर्ष 2018-19 के दौरान, अधिक जारी ₹53.40 करोड़ की कटौती के बाद बर्ष 2019-20 के लिए केन्द्रीय भाग की पहली और दूसरी किश्त) जारी किए गए। भारत सरकार द्वारा जारी ₹227.10 करोड़ के विरूद्ध राज्य भाग ₹146.90 करोड़ बनता (पिछले वर्ष के भाग सहित) है। राज्य सरकार द्वारा वर्ष के दौरान ₹599.16 करोड़ की राशि निधि को हस्तांतरित की गई, (विभागीय अधिकारियों के पास अव्ययित पड़े ₹25.16 करोड एवं निधि में पडे अनिवेशित अधिशेष पर ब्याज के ₹ 200.00 करोड़ सहित)। निधि से ₹42.56 करोड़ का व्यय प्रतिपूरित किया गया। राज्य सरकार ने कोई निवेश नहीं किया है हालांकि 31 मार्च 2019 को ₹2,616.12 का जमा शेष था। 31 मार्च 2020 को निधि में ₹ 3,172.72 करोड़ का अधिशेष था ।

(ii) राज्य क्षतिपूरक वनीकरण कोष

भारत सरकार पर्यावरण और वन मंत्रालय के पत्र क्रमांक 5-1/2009-एफ सी दिनांक 28 अप्रैल, 2009 द्वारा जारी हिदायतों और 2 जुलाई 2009 के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में, राज्य सरकारों को राज्य क्षतिपूरक वनीकरण कोष प्रबंधन और नियोजन प्राधिकरण स्थापित करना आवश्यक है, जोकि प्राप्त राशि का प्रबंधन करेगा तथा एकत्रित धन राशि का प्रतिपूरक वनीकरण, सहायता प्राप्त प्रकृतिक पुनर्जनन, वनों की सुरक्षा और संरक्षण, अवसंरचना विकास, वन्यजीव सरंक्षण और सुरक्षा व उपर्युक्त से जुड़े मामलों में तथा अन्य संबंधित गतिविधियों के लिए उपयोग करेगा। प्राधिकरण इस उद्देश्य के लिए राज्य क्षतिपूरक वनीकरण कोष की स्थ्पना करेगा।

लेखा व्यवस्थाः उपयोगकर्ता एजेंसियों से राज्य सरकारों द्वारा प्राप्त धनराशि को राज्य के लोक लेखा में ब्याज सहित अनुभाग के अंतर्गत मुख्य शीर्ष 8336-सिविल जमा से नीचे लघुशीर्ष-'राज्य क्षतिपूरक वनीकरण जमा' में जमा करना है। प्रतिपूरक वनीकरण निधि अधिनियम 2016 की धारा 3 (4) के अनुसार, 90 *प्रतिशत* निधि को

राज्य के लोक लेखा में मुख्य शीर्ष 8121-सामान्य तथा अन्य आरक्षित निधियां को हस्तांरित करने की आवश्यकता है और शेष 10 *प्रतिशत* की राशि वार्षिक आधार पर राष्ट्रीय निधि में जमा की जाएगी बशर्ते, राष्ट्रीय कोष में स्थानांतरित करने के लिए धन के 10 *प्रतिशत* केंद्रीय हिस्से का जमा मासिक आधार पर सुनिश्चित किया जाए।

'8336-सिविल जमा' के अंतर्गत 'राज्य क्षतिपूरक वनीकरण जमा' और 8121-सामान्य तथा अन्य आरक्षित निधियों के अंतर्गत राज्य क्षतिपूरक वनीकरण निधि में उपलब्ध शेष राशि पर ब्याज की दर वार्षिक आधार पर केंद्र सरकार द्वारा घोषित दर के अनुसार होगी। चूंकि यह एक ब्याज सहित आरक्षित निधि है, इसलिए निधि शेष राशि का निवेश करना जरूरी है।

राज्य क्षतिपूरक वनीकरण निधि की स्थितिः वर्ष 2019-20 के दौरान, राज्य सरकार को राष्ट्रीय क्षतिपूरक वनीकरण जमा से क्षतिपूरक वनीकरण निधि प्रबंधन और नियोजन प्राधिकरण निधि के राज्य के हिस्से के रूप में ₹1,282.65 करोड़ प्राप्त हुए। राज्य सरकार ने वर्ष के दौरान शीर्ष 8336 और 8121 के अंतर्गत कोई ब्याज नहीं दिया। 31 मार्च 2020 तक क्षतिपूरक वनीकरण निधि से कोई व्यय नहीं किया गया जबकि 31 मार्च 2020 को राज्य क्षतिपूरक वनीकरण निधि में कुल ₹1,282.65 करोड़ का शेष था।

(ख) ब्याज रहित आरक्षित निधियाँ

(i) समेकित निक्षेप निधि

हरियाणा सरकार द्वारा खुले बाजार कर्जो की अदायगी के लिए वर्ष 2002 में समेकित निक्षेप निधि का गठन किया गया । दिशानिर्देशों के अनुसार, सरकार द्वारा, गत वर्ष के अन्त में खुले बाजार कर्जो का एक से तीन *प्रतिशत*, तक निधि को अंशदान देना होता है।

राज्य सरकार द्वारा हालांकि वर्ष के दौरान निधि को कोई अंशदान नहीं दिया गया जिससे निधि को ₹1,149.90 करोड़ (31 मार्च, 2019 को लम्बित बाजार कर्जे ₹1,14,989.59 करोड़ का एक *प्रतिशत*) कम अंशदान हुआ । 31 मार्च, 2020 को समेकित निक्षेप निधि में ₹2,084.06 करोड़ का अधिशेष था जिस में से ₹2,081.93 करोड़ निवेशित किए हुए है।

(ii) गारंटी मोचन निधि

राज्य सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों एवं स्थानीय निकायों के प्रति दी गई गारंटियों के निर्वहन के लिए हरियाणा सरकार द्वारा वर्ष 2003 में गारंटी मोचन निधि (जी. आर. एफ.) का गठन किया गया। निधि के प्रावधानों के अनुसार राज्य सरकार को, सरकार द्वारा अनुमानित वार्षिक एवं आवधिक अंशदान के साथ एकत्रित गारंटी फीस, गारंटी मोचन निधि को हस्तान्तरित करनी होती है। निधि का संचालन भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा किया जाता है। वर्ष 2019-20 के शुरूआत में सरकार की बकाया गारंटियॉ ₹18,219.87 करोड़ थी। भारतीय रिजर्व बैंक के

2013 के दिशा-निदेर्शो में, वर्ष के आरंभ में बकाया गारंटियों के न्यूनतम 1 *प्रतिशत* एवं उसके बाद, गत वर्ष का बकाया गारंटियों के न्यूनतम 3 से 5 *प्रतिशत* के बराबर कोष उपलब्ध करने के लिए प्रति वर्ष, न्यूनतम 0.5 *प्रतिशत* का अंशदान करना होता है। वर्ष के दौरान, राज्य सरकार द्वारा, गारंटी मोचन निधि को कोई अंशदान नहीं दिया गया।

31 मार्च, 2020 को निधि में पडा ₹1,223.81 करोड़ (जो ₹18,219.87 करोड़ की लम्बित गारंटियों का 6.72 *प्रतिशत* है) का सारा अधिशेष निवेशित है ।

(iii) खान एवं खनिज विकास, पुनर्स्थापन एवं पुनर्सुधार निधि

हरियाणा सरकार द्वारा राज्य के, खनन क्षेत्र में पर्यावरण की दृष्टि से चिरस्थाई विकास हेतु और राज्य के खनन स्थलों के संरक्षण, बचाव, पुनर्सुधार और पुनर्स्थापन तथा क्षेत्र में परिस्थितिकी एवं पर्यावरण संरक्षण और बचाव के समग्र हित के लिए अन्य संबंधित कार्य करने के लिए दिनांक 10 जुलाई 2015 को अधिसूचना जारी कर निधि की स्थापना की। निधि, 'बिना ब्याज वाली आरक्षित निधियां' के अन्तर्गत खोली गई है हालांकि इस पर 6 *प्रतिशत* ब्याज मिलना है।

निधि के संविधान के अनुसार, पुनर्सुधार एवं पुनर्स्थापना कार्यो हेतु सरकार को दिए डैड किराया/राज्यधिकार/संविदा मूल्य की राशि के 10 *प्रतिशत* के बराबर खनिज रियायत प्राप्तकर्ताओं से 'अन्य प्रभार' रूप में वसूल कर निधि में जमा किए जाने है। साथ ही, राज्य सरकार द्वारा, वित्त वर्ष के दौरान, डैड किराया/राज्यधिकार/संविदा मूल्य की मद से प्राप्त राशि के 5 *प्रतिशत* के बराबर सरकारी अंशदान को भी निधि में जमा/स्थानांतरित किया जाना है ।

1 अप्रैल 2019 को निधि में ₹170.52 करोड़ का अधिशेष था। राज्य सरकार को वर्ष के दौरान डैड किराया इत्यादि की मद से ₹582.33 करोड़ एवं रियायत प्राप्त कर्ताओं से 'अन्य प्रभार' के रूप में ₹46.84 करोड़ प्राप्त हुए। ₹87.35 करोड़ की राशि (रियायत प्राप्त कर्ता अंशदान के डैड किराये का 10 *प्रतशित* के रूप में ₹58.23 करोड़ तथा ₹582.33 करोड़ के डैड किराये को 5 *प्रतशित* के रूप में तथा राज्य भाग के ₹29.12 करोड़) निधि को स्थानान्तरित की जानी थी। परन्तु राज्य सरकार द्वारा, वर्ष के दौरान केवल ₹85.50 करोड़ (राज्य अंशदान ₹32.92 करोड़ एवं रियायत प्राप्त कर्ता अंशदान ₹52.58करोड़) निधि को स्थानान्तरित किऐ गऐ जिससे निधि को ₹1.85 करोड़ का कम अंशदान मिला। वर्ष के दौरान, राज्य सरकार ने निधि में पडे शेषों पर ब्याज नहीं दिया, जिससे निधि में ब्याज का ₹10.23 करोड़ (₹170.52 करोड़ का 6 *प्रतिशत*) तक कम अंशदान हुआ । वर्ष के दौरान निधि में से ₹35.59 करोड़ का ब्यय किया गया, जिससे निधि में, 31 मार्च 2020 को ₹ 220.43 करोड़ का अधिशेष बच गया ।

लेखों में डैड किराया इत्यादि एवं रियायत प्राप्त कर्ता के अंशदान की प्राप्ति तथा निधि में राज्य द्वारा किए हस्तान्तरण का कोई मिलान नही किया गया है।

(vi) केन्द्रीय सड़क निधि

भारत सरकार की केन्द्रीय सडक निधि से, राज्य सरकार को वर्ष 2019-20 के दौरान ₹200.77 करोड़ की सहायता राशि प्राप्त हुई जो कि राज्य लेखों में मुख्य शीर्ष 1601-केन्द्रीय सरकार से सहायतानुदान, 08-अन्य विधान मंडल वाले हस्तांतरण/राज्य/संघ राज्य को अनुदान, 108-केन्द्रीय सडक निधि से सहायता अनुदान के अन्तर्गत दर्ज की गई । यह राशि अन्ततः शीर्ष 3054-सडके एवं पुल, 80-सामान्य, 797- आरक्षित निधि/जमा लेखे में/ से हस्तान्तरण को नामे करते हुए शीर्ष 8449- अन्य जमा, 103-केन्द्रीय सडक निधि से सहायता में जमा कर दी गई । विशिष्ट सडक कार्यो पर किए गए ₹160.59 करोड़ के व्यय को शीर्ष 8449- अन्य जमा, 103-केन्द्रीय सडक निधि से सहायता को नामे तथा शीर्ष 5054- सडकें एवं पुल पर पूंजिगत व्यय, 03-राज्य राजमार्ग, 902-केन्द्रीय सड़क निधि से प्रतिपूर्ति की गई राशि को ऋणात्मक नामे करते हुए निधि से प्रतिपूर्ति किया गया। 31 मार्च 2020 को जमा शीर्ष के अतर्गत ₹ 258.65 करोड़ का अधिशेष पडा था।

(vii) उचन्त तथा प्रेषण शेष

वित्त लेखे, उचन्त एवं प्रेषण शीर्षो के अन्तर्गत निवल शेषों को दर्शाते हैं। विभिन्न शीर्षों के अधीन पृथक से लम्बित नामें एवं जमा शेषों को जोड़तें हुए इन शीर्षों के अन्तर्गत लम्बित शेषों की गणना की जाती है। विगत तीन वर्षो की मुख्य उचन्त मदों को सकल नामें एवं जमा के रूप में **अनुबंध- घ** दर्शाया गया है।

(viii) विभाजित राज्यों के विरासत के मुद्दे

01 नवंबर 1966 को पंजाब राज्य के पुनर्गठन के कारण, ₹342.94 के शेषों को (पंजाब सरकार के वित्त लेखों में दिखाए गए विभिन्न पूंजीगत शीर्षों के तहत शेष) उत्तराधिकारी राज्यों के बीच आबंटित किया जाना था। जिसमें से ₹111.52 करोड़ की राशि अभी आबंटित की जानी है। जिन मदों के लिए शेषों का आबंटन किया जाना है, उनके विवरण को अंतिम रूप नहीं दिया जा सका। अन-आबंटित शेषों का विवरण वित्त लेखों के परिशिष्ट-XII में दर्शाया गया है।

आबंटन को अपीलीय प्राधिकरण भारत सरकार के वित्त मंत्रालय द्वारा अंतिम रूप दिया जाना है। आबंटन संबंधित सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा पूर्ण अभिलेखों के प्रस्तुत न किए जाने के कारण लंबित है। अतः राज्य सरकार को इस मामले को जल्द निपटारे के लिए आगे बढ़ाने की जरूरत है।

(ix) राज्य सरकार को राज्य के बजट से बाहर विभिन्न केंद्र प्रायोजित योजनाओं/केंद्रीय सहायक योजनाओं के लिए भारत सरकार से अनुदान

भारत सरकार विभिन्न योजनाओं/कार्यक्रमों को लागू करने के लिए पर्याप्त निधियों का प्रत्यक्ष रूप से राज्य क्रियान्वयन अभिकरणों/गैर-सरकारी संगठनों (एन.जी.ओ) को अंतरण करती है। महालेखा नियंत्रक (सी.जी.ए.) के सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (पी.एफ.एम.एस.) पोर्टल पर उपलब्ध स्थिति के अनुसार, वर्ष 2019-20 के

दौरान, भारत सरकार ने विभिन्न केंद्र प्रायोजित योजनाओं/केंद्रीय सहायता योजनाओं के कार्यान्वयन के लिए राज्य क्रियान्वयन अभिकरणों को सीधे तौर पर ₹4,351.10 करोड़ के अनुदान जारी किये। चूंकि इन निधियों को राज्य के बजट के माध्यम से जारी नहीं किया गया था, इसलिए ये राज्य सरकार के लेखों में परिलक्षित नहीं होती हैं। इन अंतरणों को वित्त लेखों के परिशिष्ट-VI में प्रदर्शित किया गया है।

(x) विनियोग खातों के अनुसार आधिक्य तथा बचतें

हरियाणा के बजट में 18 प्रभारित विनियोजन और 45 दत्तमत अनुदान हैं। वर्ष 2019-20 के अंत में, राज्य सरकार ने वास्तविक व्यय में व्यय की कटौती के कारण ₹26,593.44 करोड़, (₹1,56,449.71 करोड़ के बजट अनुमानों का 17 *प्रतिशत*) की निवल बचत और ₹4,641.75 करोड़ का अधिक आकलन(₹14,899.12 करोड़ के बजट अनुमानों का 31.15 *प्रतिशत*) दर्शाया। कुछ अनुदानों जैसे कि, भवन और सड़क, शहरी विकास, स्थानीय सरकार, कृषि, ग्रामीण और सामुदायिक विकास, ऊर्जा और विद्युत में पर्याप्त बचत पाई गई।

(xi) व्यय की हड़बड़ी

विवेकशील वित्तीय प्रबंधन के सिद्धांतों के अनुसार वर्ष के अंतिम समय में व्यय से बचा जाना चाहिए। हालांकि, राज्य सरकार द्वारा व्यय की हडबडी को रोकने के दिशा निर्देश जारी किए गए, मार्च 2020 में ₹10,548.40 करोड़ और वित्तीय वर्ष की अंतिम तिमाही में ₹23,998.69 करोड़ का व्यय किया गया, जो कि वर्ष के दौरान राजस्व एवं पूंजीगत शीर्षो के अन्तर्गत कुल व्यय ₹99,822.27 करोड़ [मार्च, 2019 (प्रा.)] का लगभग 10.57 *प्रतिशत* और 24.04 *प्रतिशत* था। लेखा शीर्षों, जहां मार्च, 2020 के दौरान व्यय, वर्ष के दौरान कुल व्यय [मार्च, 2020 (प्रा.)], का 40 *प्रतिशत* से अधिक था और और वित्तीय वर्ष की अंतिम तिमाही में 60 *प्रतिशत* से अधिक था का विवरण **अनुबंध-ङ** में दिया गया है। इसी तरह, मार्च, 2020 के दौरान ₹5,727.05 करोड़ की राशि प्राप्त हुई थी, जो राजस्व और पूंजीगत शीर्षों के अंतर्गत ₹66,332.36 करोड की कुल प्राप्ति का लगभग 8.63 *प्रतिशत* थी। नकद प्राप्तियां वर्ष भर सामान रूप से प्राप्त होती रहीं तथा इस कारण व्यय की कोई हडबडी नहीं हुई।

(xii) आकस्मिकता निधि

संविधान के अनुच्छेद 267 (2) के प्रावधानों के अनुसार, हरियाणा राज्य को आकस्मिकता निधि की स्थापना, हरियाणा आकस्मिकता निधि अधिनियम, 1966 (1967 का हरियाणा अधिनियम संख्या 2) के तहत की गई। हरियाणा के राज्यपाल के पास रखे अग्रदान स्वरूप की है जिसमें से वह बजट में प्रदान नहीं किए गए तत्काल अप्रत्याशित व्यय को पूरा करने के लिए समय-समय पर अग्रिम प्रदान कर सके। जब तक कि इस व्यय को राज्य विधान मंडल द्वारा विनियोग अधिनियम के माध्यम से प्राधिकृत नहीं किया जाता तथा अग्रिम की प्रतिपूर्ति समेकित निधि से नहीं की जाती। इसका सिर्फ एक ही मुख्य शीर्ष 8000-आकस्मिकता निधि है तथा आकस्मिकता निधि से

किए गए सभी लेन देन इस शीर्ष के अंतर्गत दर्ज किए जाते हैं। हरियाणा सरकार की आकस्मिकता निधि का कोष ₹200 करोड़ है। वर्ष 2019-20 के दौरान आकस्मिकता निधि से कोई अग्रिम नहीं लिया गया।

(xiii) भवन तथा अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण उपकर

भवन तथा अन्य निर्माण श्रमिक उपकर को छोड़ कर राज्य सरकार ने कोई उपकर नहीं लगाया है। यह उपकर केंद्र सरकार द्वारा लगाया जाता है। इस उपकर को भवन तथा अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण उपकर अधिनियम, 1996 के के अनुसार श्रमिकों की कार्यस्थितियों में सुधार लाने और उन्हें वित्तीय सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से नियोक्ताओं द्वारा किए गए निर्माण की लागत का 1 *प्रतिशत* से 2 *प्रतिशत* तक लगाया जा रहा है, इसे "हरियाणा भवन तथा अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड" द्वारा एकत्र किया जाता है और "हरियाण भवन तथा अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण निधि" में जमा किया जाता है।

श्रम उपकर के लेखांकन के लिए राज्य सरकार द्वारा कोई लेखांकन प्रक्रिया निर्धारित नहीं की गई। उपकर प्राप्तियों को राज्य के समेंकित निधि के माध्यम से नहीं लिया जा रहा और राज्य सरकार के लेखों में इनको दर्ज/परिलक्षित नहीं किया जा रहा। चूंकि उपकर को लेखों के बाहर एकत्र किया जा रहा है, राज्य सरकार द्वारा एकत्रित उपकर की राशि, नामित निधि को हस्तांतरित उपकर, बकाया अंतरण, उपकर निधियों की उपयोगिता को राज्य सरकार के खातों से ज्ञात नहीं किया जा सकता। यह विवरण केवल हरियाणा भवन और अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड से प्राप्त किया जा सकता है। इस संबंध में हरियाणा भवन तथा अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड द्वारा भेजा गया विवरण निम्नानुसार हैः

(₹ करोड़ में)

निधि में प्रारंभिक शेष	**2019-20 के दौरान कुल उपकर संग्रहण**	**2019-20 के दौरान निधि से व्यय**	**निधि में अंतिम शेष**
2,948.78	285.55	323.66	2,910.67

उपकर की लेखा प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के लिए इस मामले को राज्य के अधिकारियों के साथ नियमित रूप से उठाया जा रहा है ताकि राज्य के लेखों से यह डेटा आसानी से प्राप्त किया जा सके।

(xiv) हरियाणा राजकोषीय उत्तरदायित्व एवं बजट प्रबंधन (एफ.आर.बी.एम./एम.टी.एफ.पी.) अधिनियम एवं उसके अधीन नियमों के अन्तर्गत प्रकटन

हालांकि राज्य सरकार द्वारा चौदहवें केन्द्रीय वित्त आयोग की सिफारिशों के अनुसार, अपने राज कोषीय उत्तरदायित्व एवं बजट प्रबंधन (एफ.आर.बी.एम./एम.टी.एफ.पी.) अधिनियम को संशोधित नहीं किया है तथापि

विभिन्न मदों पर राज्य सरकार की उपलब्धियाँ निम्न प्रकार है :-

क्र0सं0	लक्ष्य	लेखों के अनुसार उपलब्धि
1	2019-20 के दौरान राजस्व घाटा शून्य होना	लेखाओं के अनुसार, 2019-20 में हरियाणा सरकार का राजस्व घाटा ₹16,990.08 करोड़ (जो कि सकल राज्य घरेलू उत्पाद* का 2.04 *प्रतिशत* है) था। हरियाणा सरकार के लेखे, वर्ष 2008-09 से लगातार राजस्व घाटा दिखा रहे हैं।
2	2019-20 में राजकोषीय घाटा सकल राज्य घरेलू उत्पाद अनुमानों के 3.25 *प्रतिशत* से अधिक न होना	लेखाओं के अनुसार, हरियाणा सरकार ने 2019-20 में ₹30,518.62 करोड़ (जो कि सकल राज्य घरेलू उत्पाद* का 3.67 *प्रतिशत* है) राजकोषीय घाटा** दिखाया।
3	2019-20 में ऋण भण्डार सकल राज्य घरेलू उत्पाद का 21.33 *प्रतिशत* से अधिक न होना	31 मार्च 2020 को राज्य सरकार का कुल बकाया ऋण ₹1,85,491.05 करोड़, (जो कि वर्ष 2018-19 के सकल राज्य घरेलू उत्पाद * का 22.31 *प्रतिशत* है) था ।

*अर्थ एवं साख्यांकी विशलेषण विभाग, हरियाणा के अनुसार वर्तमान दरों पर सकल राज्य घरेलू उत्पाद **₹ 8,31,610.21** करोड़ था।

** राज्य सरकार ने सूचित किया है कि 2019-20 के दौरान खाद्य अपार्जन पर व्यय के लिए भारतीय खाद्य निगम से ₹4,402.18 करोड की वसूली का अंतर है। यदि भारतीय खाद्य निगम से वसूली में इस अंतर को ध्यान में रखा जाए तो राजकोषीय घाटा ₹26,116.44 करोड (यानि सकल राज्य घरेलू उत्पाद का 3.14 *प्रतिशत*)आता है। इसी तरह, यदि ₹1,659.58 करोड (2018-19) के वसूली अंतर को ध्यान में रखा जाए, तो वर्ष 2018-19 के लिए राजकोषीय घाटा ₹20,252.17 करोड (यानि सकल राज्य घरेलू उत्पाद का 2.86 *प्रतिशत*) होगा।

(xv) मुख्य शीर्ष -3435 के तहत पारिस्थितिकी विज्ञान तथा और पर्यावरण पर व्यय

राज्य सरकार के वित्त लेखों में प्राकृतिक संसाधन लेखों (एन.आर.ए)/पर्यावरण संरक्षण व्यय को दर्शाने हेतु, हरियाणा राज्य के मुख्य शीर्ष - 3435 पारिस्थितिकी विज्ञान तथा पर्यावरण के तहत तीन वर्ष के बजट आबंटन एवं व्यय को राज्य सरकार से प्राप्त वाउचर/सूचना के आधार पर उद्देश्य स्तर तक संकलित किया गया है और **अनुबंध च** में दिखाया गया है। 2019-20 के दौरान मुख्य शीर्ष-3435-पारिस्थितिकी विज्ञान तथा पर्यावरण के तहत इस मुख्य शीर्ष में ₹13.09 करोड़ का बजट आबंटन के विरूद्ध ₹11.61 करोड़ का व्यय किया गया। यह व्यय 2017-18, 2018-19 और 2019-20 में व्यय एक जैसा है यानि कुल राजस्व व्यय का 0.01 *प्रतिशत*। **अनुबंध च** में मुख्य शीर्ष - 3435-पारिस्थितिकी विज्ञान तथा पर्यावरण के तहत बजट आबंटन के साथ-साथ राजस्व व्यय को उद्देश्य स्तर तक दर्शाया गया है।

(xvi) राजस्व घाटे /राजकोषीय घाटे पर प्रभाव

पूर्ववर्ती पैरों में वर्णित मदों का राज्य के राजस्व घाटे एवं राजकोषीय घाटे पर प्रभाव निम्न तालिका में दिया गया है-

(₹ करोड़ में)

क्र0सं0	मद	राजस्व घाटे पर प्रभाव	राजकोषीय घाटे पर प्रभाव
		राजस्व घाटा कम बताना	राजकोषीय घाटा कम बताना
3 (i)	राज्य सरकार द्वारा परिभाषित अंशदाई पेंशन योजना का कम योगदान	23.71	23.71
3 (v) (ख) (i)	समेकित निक्षेप निधि को अंशदान न करना	1,149.90	1,149.90
3 (v) (ख) (iii)	खान एवं खनिज विकास पुनर्स्थापना एवं पुनर्सुधार निधि को कम अंशदान तथा शेषों पर ब्याज समायोजित न करना	12.08 (₹1.85 करोड़ का कम अंशदान तथा ₹10.23 करोड़ ब्याज)	12.08 (₹1.85 करोड़ का कम अंशदान तथा ₹10.23 करोड़ ब्याज)
	कुल कम बताना	**1,185.69**	**1,185.69**

(xvii) राज्य सरकार द्वारा पंजाब नेशनल बैंक (पी.एन.बी.) से ऋण वित्त पोषण

हरियाणा सरकार ने अधिसूचना सं 2/2/2004-डब्ल्यू.एम. (3) दिनांक 4 नवंबर 2016 के द्वारा सरकारी कर्मचारियों को दिए बकाया गृह निर्माण अग्रिम, वाहन अग्रिम, कंप्यूटर अग्रिम व मैरिज ऋण के मूलधन ₹562.02 करोड़ को राज्य सरकार की अपरिवर्तनीय गारंटी पर मूलधन हिस्से को बैंक (पंजाब नेशनल बैंक) को हस्तांतरित कर दिया तथा इस राशि को शीर्ष 7610-सरकारी कर्मचारियों को ऋण आदि के तहत प्राप्ति के रूप में दर्ज कर लिया।

राज्य सरकार और पंजाब नेशनल बैंक के बीच हर करार के नियमों और शर्तों के अनुसार, व्यक्तिगत रूप से लागू ब्याज पी.एन.बी. द्वारा अर्जित स्तर पर निर्धारित किया जा रहा है। पी.एन.बी. द्वारा लगाए गए ब्याज की दरें कर्मचारियों से लिए गए ब्याज से अधिक हैं और इससे पी.एन.बी. के लिए देय ब्याज और कर्मचारियों से प्राप्त ब्याज के बीच अंतर पैदा हो गया है। दो ब्याजों के बीच के इस अंतर का भुगतान अंतर राज्य सरकार द्वारा किया जा रहा है और इसे राज्य सरकार द्वारा शीर्ष 2049-ब्याज भुगतान के तहत वर्गीकृत किया जा रहा है।

राज्य सरकार के कर्मचारियों के ऋण और अग्रिमों के तौर पर 31 मार्च 2017 तक अर्जित ब्याज ₹260.87 करोड़ की राशि पी.एन.बी. को हस्तांतरित की गई। चूंकि, राज्य सरकार को बाद के वर्षों में इस राशि पर ब्याज का वहन करना पडेगा, अतः उसको 2018-19 के दौरान मुख्य शीर्ष 6003-आंतरिक ऋण के तहत लघु शीर्ष 107 भारतीय स्टेट बैंक और अन्य बैंकों से प्राप्त ऋण के अंतर्गत हस्तांतरित किया गया है। वर्ष 2019-20 के दौरान, व्यक्तिगत कर्जदारों से ब्याज के रूप में ₹52.23 करोड़ की राशि, प्राप्त हुई है और ₹208.64 करोड़ की शेष राशि अभी वसूल की जानी है। ₹52.23 करोड़ की वसूल की गई राशि को सरकार की ब्याज प्राप्ति के रूप में दिखाया गया है और राज्य सरकार की ऋण देयता वर्ष 2019-20 के में इस सीमा तक कम कर दी गई है।

अनुबंध- क

आवधिक/अन्य समायोजनों की विवरणी

(लेखाओं पर टिप्पणियॉ के पैरा 1(ii) में संदर्भित)

क्र0सं0	आवधिक समायोजन विवरण	लेखा शीर्ष		राशि	टिप्पणी
		से	को	(₹ करोड़ में)	
1	2	3	4	5	6
1	सामान्य भविष्य निधि पर ब्याज का समायोजन	2049- ब्याज अदायगियॉ (नामे)	8009- राज्य भविष्य निधि (जमा)	*1,231.89*	सामान्य भविष्य निधि शेषों पर अर्जित ब्याज का समायोजन।
2	राज्य सरकार कर्मचारी समूह बीमा योजना के शेषों पर ब्याज का समायोजन	2049- ब्याज अदायगियॉ (नामे)	8011- बीमा तथा पेंशन निधियां (जमा)	*25.00*	राज्य सरकार कर्मचारी बीमा योजना के शेषों पर ब्याज का समायोजन।
3	मूल्य-ह्रास आरक्षित निधि को स्थानांतरण	2049- ब्याज अदायगियॉ (नामे)	8115- मूल्यह्रास/ नवीकरण आरक्षित निधि, 103-मूल्यह्रास आरक्षित निधियां-- सरकारी वाणिज्यिक विभाग (जमा)	*50.26*	मूल्य-ह्रास आरक्षित निधि पर भारित ब्याज।
4	मूल्य-ह्रास आरक्षित निधि को स्थानांतरण	3055- सड़क परिवहन (नामे)	8115- मूल्यह्रास/ नवीकरण आरक्षित निधि, 103-मूल्यह्रास आरक्षित निधियां-- सरकारी वाणिज्यिक विभाग (जमा)	43.75	मूल्य-ह्रास आरक्षित निधि को स्थानांतरण हेतु राजस्व व्यय पर प्रभारित बसों का मूल्य ह्रास ।
5	परिवहन में पूंजी निवेश पर ब्याज का समायोजन	3055- सडक परिवहन (नामे)	0049- ब्याज प्राप्तियॉ (जमा)	38.50	पूंजी निवेश पर ब्याज
6	आरक्षित निधि पर ब्याज का समायोजन	2049- ब्याज अदायगियॉ (नामे)	8115- मूल्यह्रास/ नवीकरण आरक्षित निधि, 104-मूल्यह्रास आरक्षित निधियां-- सरकारी गैर-वाणिज्यिक विभाग (जमा)	*1.68*	मूल्य ह्रास आरक्षित निधि पर भारित ब्याज (सरकारी मुद्रणालय)
7	आरक्षित निधि को हस्तान्तरण का समायोजन	2202-सामान्य शिक्षा (नामे)	8115- मूल्यह्रास/ नवीकरण आरक्षित निधि, 104-मूल्यह्रास आरक्षित निधियां- सरकारी गैर -वाणिज्यिक विभाग (जमा)	0.06	मूल्य-ह्रास आरक्षित निधि को हस्तान्तरण (सरकारी पाठ्य पुस्तक मुद्रणालय)
8	आरक्षित निधि को हस्तान्तरण का समायोजन	2058- लेखन सामग्री और मुद्रण (नामे)	8115- मूल्यह्रास/ नवीकरण आरक्षित निधि, 104-मूल्यह्रास आरक्षित निधियां-- सरकारी गैर -वाणिज्यिक विभाग (जमा)	0.06	मूल्य-ह्रास आरक्षित निधि को हस्तान्तरण (सरकारी मुद्रणालय)
9	मूल्य-ह्रास आरक्षित निधि से बसों की खरीदारी पर पूंजीगत व्यय	8115- मूल्यह्रास/ नवीकरण आरक्षित निधि, 103-मूल्यह्रास आरक्षित निधियां-- सरकारी वाणिज्यिक विभाग (नामे)	5055- सड़क परिवहन पर पूंजीगत परिव्यय (ऋण नामे)	60.00	आरक्षित निधि पर भारित नई बसों के क्रय पर व्यय ।
10	मोटर परिवहन आरक्षित निधि पर ब्याज का समायोजन	2049- ब्याज अदायगियॉ (नामे)	8121- सामान्य तथा अन्य आरक्षित निधियॉ, 101- सरकारी वाणिज्यिक विभागों की सामान्य तथा अन्य आरक्षित निधियां (जमा)	*0.37*	मोटर परिवहन आरक्षित निधि पर ब्याज।

अनुबंध- क -*जारी*
आवधिक/अन्य समायोजनों की विवरणी
(लेखाओं पर टिप्पणियॉ के पैरा 1(ii) में संर्दभित)

क्र0सं0	आवधिक समायोजन विवरण	लेखा शीर्ष		राशि	टिप्पणी
		से	को	(₹ करोड़ में)	
1	2	3	4	5	6
11	आरक्षित निधि से व्यय की प्रतिपूर्ति का समायोजन	8121- सामान्य तथा अन्य आरक्षित निधियॉ, 101- सरकारी वाणिज्यिक विभागों की सामान्य तथा अन्य आरक्षित निधियां (नामे)	3055- सड़क परिवहन (ऋण नामे)	0.25	मोटर परिवहन आरक्षित निधि से खर्च की प्रतिपूर्ति।
12	आरक्षित निधि को हस्तातरण का समायोजन	3055- सड़क परिवहन (नामे)	8121- सामान्य तथा अन्य आरक्षित निधियॉ, 101- सरकारी वाणिज्यिक विभागों की सामान्य तथा अन्य आरक्षित निधियां (जमा)	0.25	सामान्य एवं अन्य आरक्षित निधियों को हस्तातरण। (मोटर परिवहन आरक्षित निधि)
13	राज्य आपदा राहत निधि	2245- प्राकृतिक आपदाओं पर राहत (नामे)	8121-122 राज्य आपदा राहत निधि (जमा)	374.00	राज्य आपदा राहत निधि को अंशदान का समायोजन
14	राज्य आपदा राहत निधि शेष पर दिया गया व्याज	2049-व्याज की अदायगियां (नामे)	8121-122 राज्य आपदा राहत निधि (जमा)	*200.00*	राज्य आपदा राहत निधि शेष पर दिए गए ब्याज का समायोजन
15	राज्य आपदा राहत निधि	8121- 122 राज्य आपदा राहत निधि (नामे)	2245-05-901- राज्य आपदा राहत निधि से प्रतिपूर्ति राशि को घटाना (ऋण नामे)	42.56	राज्य आपदा राहत निधि से व्यय की प्रतिपूर्ति का समायोजन
16	सिंचाई परियोजनाओं पर ब्याज का समायोजन	2700- मुख्य सिंचाई (नामे)	0049- ब्याज प्राप्तिया (जमा)	*560.15*	सिचाई परियोजनाओं पर निवेशित पूंजी पर प्रभारित ब्याज
17	सिंचाई परियोजनाओं पर ब्याज का समायोजन	2701-मध्यम सिंचाई (नामे)	0049- ब्याज प्राप्तिया (जमा)	*181.67*	सिचाई परियोजनाओं पर निवेशित पूंजी पर प्रभारित ब्याज ।
18	बिजली शुल्क का आर्थिक सहायता के तौर पर समायोजन	2801- विद्युत (नामे)	0043- विद्युत कर तथा शुल्क (जमा)	254.29	विद्युत कम्पनियों द्वारा एकत्रित बिजली शुल्क की वसूली का आर्थिक समायता के तौर पर समायोजन ।
19	निक्षेप निधि में निवेश पर अर्जित ब्याज का समायोजन	8222-02-101- निक्षेप निधि निवेश लेखा (नामे)	8222-01-101 निक्षेप निधि (जमा)	157.89	निक्षेप निधि निवेश पर अर्जित ब्याज
20	खाद्यान्न आपूर्ति योजना में पूंजी निवेश पर ब्याज का समायोजन	4408- खाद्य भण्डारण तथा भण्डारागार पर पूंजीगत परिव्यय (नामे)	0049- ब्याज प्राप्तियॉ (जमा)	*639.94*	खाद्यान्न आपूर्ति योजना में पूंजी निवेश पर भारित ब्याज

अनुबंध- क -*जारी*
आवधिक/अन्य समायोजनों की विवरणी
(लेखाओं पर टिप्पणियॉ के पैरा 1(ii) में संदर्भित)

क्र0सं0	आवधिक समायोजन विवरण	लेखा शीर्ष		राशि	टिप्पणी
		से	को	(₹ करोड़ में)	
1	2	3	4	5	6
21	केन्द्रीय सरकार से प्राप्त वस्तु सहायतानुदान का समायोजन	2211- परिवार कल्याण, 103-मातृत्व तथा बाल स्वास्थ्य, 200-अन्य सेवाएं और आपूर्तियां (नामे)	1601-केन्द्रीय सरकार से सहायतानुदान (जमा)	50.06	केन्द्रीय सरकार से प्राप्त वस्तु सहायतानुदान
22	गारंटी मोचन निधि में निवेश पर ब्याज का समायोजन	8235-120 गारंटी मोचन निधि - निवेश लेखा (नामे)	8235-117 गारंटी मोचन निधि (जमा)	95.53	गारंटी मोचन निधि में निवेश पर अर्जित ब्याज का समायोजन
23	केन्द्रीय सड.क निधि से अनुदान का समायोजन	3054- सड.के एवं पुल, 80-सामान्य, 797-आरक्षित निधि/जमा लेखा से/को हस्तान्तरण (नामे)	8449- अन्य जमा 103- केन्द्रीय सड.क निधि से आर्थिक सहायता (जमा)	200.77	केन्द्रीय सड.क निधि से प्राप्त अनुदान का जमा लेखा में हस्तान्तरण
24	केन्द्रीय सड.क निधि से व्यय का समायोजन	8449-अन्य जमा, 103-केन्द्रीय सड.क निधि से आर्थिक सहायता (नामे)	5054- सड़क और पुल पर पूंजीगत परिव्यय, 03-राज्य राजमार्ग, 902- केन्द्रीय सडक निधि से की प्रतिपूर्ति की कटौती (ऋण नामे)	160.59	केन्द्रीय सड.क निधि से ब्यय की प्रतिपूर्ति
25	खान एवं खनिज विकास, पुनर्स्थापन एवं पुनर्सुधार निधि को अंशदान का हस्तांतरण	2853-अलोह खनन तथा धातु कर्म उद्योग, 02-खानों का विनियमन और विकास, 797- खान एवं खनिज विकास, पुनर्स्थापन एवं पुनर्सुधार निधि को हस्तांतरण (नामे)	8229- विकास और कल्याण निधियां,114- खान कल्याण निधि (जमा)	85.50	खान एवं खनिज विकास, पुनर्स्थापन एवं पुनर्सुधार निधि को अंशदान के हस्तांतरण का समायोजन
26	खान एवं खनिज विकास, पुर्नस्थापन एवं पुर्नसुधार निधि से व्यय का समायोजन	8229- विकास और कल्याण निधियां,114- खान कल्याण निधि (नामे)	2853-अलोह खनन तथा धातु कर्म उद्योग, 02-खानों का विनियमन और विकास, 902- खान एवं खनिज विकास, पुर्नस्थापन एवं पुर्नसुधार निधि से राशि को घटाएं (ऋण नामे)	35.59	खान एवं खनिज विकास, पुर्नस्थापन एवं पुर्नसुधार निधि से व्यय
27	एन.एच.ए.आई/रेलवे मंत्रालय द्वारा भूमि अधिग्रहण के जमा पर दिया गया ब्याज	2049-ब्याज की अदायगियां (नामे)	8342-अन्य जमा, 103-सरकारी कम्पनियों, निगमों आदि की जमा (जमा)	*14.99*	एन.एच.ए.आई/रेलवे मंत्रालय द्वारा भूमि अधिग्रहण के जमा पर दिए गए ब्याज का समायोजन
28	सरकारी कर्मचारियों के ऋण और अग्रिमों से प्राप्त ब्याज	6003-राज्य सरकार के आंतरिक ऋण, 107-भारतीय स्टेट बैंक और अन्य बेंकों से कर्जे (ऋण जमा)	0049-ब्याज प्राप्तियां, 800-अन्य प्राप्तियां (जमा)	*52.23*	सरकारी कर्मचारियों से प्राप्त और पंजाब नेशनल बैंक को हस्तांतरित उपार्जित ब्याज का समायोजन
29	अनाज आपूर्ति योजना पर स्थापना व्यय का समायोजन	2408- खाद्य भंडारण और भण्डारागार, 01- खाद्य, 001-निर्देशन और प्रशासन (ऋण नामे)	4408- खाद्य भंडारण और भण्डारागार, पर पूंजीगत परिव्यय, 01- खाद्य, 101- अपार्जन और आपूर्ति (नामे)	*253.53*	स्थापना व्यय का समायोजन, पूंजीगत लेखा को प्रभारित

अनुबंध- ख

लघु शीर्ष 800 - अन्य व्यय के अन्तर्गत व्यय की मुख्य शीर्षवार विवरणी

(लेखाओं पर टिप्पणियॉ के पैरा 2(ii) में संर्दभित)

(₹ करोड़ में)

क्र.सं.	मुख्यशीर्ष	विवरण	कुल व्यय	लघुशीर्ष 800 के अन्तर्गत व्यय	प्रतिशतता
1	2075	विविध सामान्य सेवाएं	149.42	149.15	100
2	2250	अन्य सामाजिक सेवाएं	8.72	8.05	92
3	2700	मुख्य सिंचाई	1,156.86	946.56	82
4	2801	विद्युत	6,978.40	6,978.40	100
5	3435	परिस्थिति विज्ञान तथा पर्यावरण	11.61	9.71	84
6	4250	अन्य सामाजिक सेवाओं पर पूंजीगत परिव्यय	117.37	97.33	83
7	5053	नगर विमानन पर पूंजीगत परिव्यय	15.76	15.34	97
8	5452	पर्यटन पर पूंजीगत परिव्यय	28.85	28.85	100
		कुल	**8,466.99**	**8,233.39**	**97**

अनुबंध- ग

निवेशों के मिलान के दौरान पाये गए अंतरों का विवरण

(लेखाओं पर टिप्पणियॉ के पैरा 3 (iv) में संर्दभित)

क्र.सं.	संकाय	वित्त वर्ष 2018-19 के वित्त लेखों के अनुसार आंकडे (₹करोड़ में)		
		2018-19 के वित्त लेखों की विवरणी-16 के अनुसार	विद्युत कंपनियों के लेखों के अनुसार	अंतर
1.	दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम लिमिटड	2,431.89	6,114.85	3,682.96
2.	उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम लिमिटड	2,761.20	6,521.24	3,760.04
3.	हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम लिमिटड	291.53	633.53	342.00
	कुल	**5,484.62**	**13,269.62**	**7,785.00**

अनुबंध- घ

लम्बित उचन्त एवं प्रेषण शेषों का विवरण

(लेखाओं पर टिप्पणियॉ के पैरा 3(vii) के अन्तर्गत)

(क) 8658 उचन्त लेखे (₹ करोड़ में)

लघु शीर्ष	2017-18		2018-19		2019-20	
	नामे	जमा	नामे	जमा	नामे	जमा
101- वेतन एव लेखा कार्यालय उचन्त	14.42	0.01	20.40	0.04	26.69	0.01
निवल	**14.41** (नामे)		**20.36** (नामे)		**26.68** (नामे)	
102-उचंत लेखा (सिविल)	14.66	0.30	14.89	..	109.94	..
निवल	**14.36**(नामे)		**14.89** (नामे)		**109.94** (नामे)	
107- नकद समाशोधन उचन्त लेखा	121.95	68.33	53.07	..	52.88	..
निवल	**53.62**(नामे)		**53.07** (नामे)		**52.88**(नामे)	
109- रिजर्व बैंक उचन्त- (मुख्यालय)	1.71	0.64	(-)10.56	(-)4.65	0.24	0.97
निवल	**1.07**(नामे)		**5.91** (जमा)		**0.73** (जमा)	
110- रिजर्व बैंक उचन्त - केन्द्रीय लेखा कार्यालय	4.33	..	4.67	..	11.58	..
निवल	**4.33**(नामे)		**4.67**(नामे)		**11.58** (नामे)	
112-स्त्रोत पर कर कटौती उचंत	..	77.08	..	29.85	..	129.85
निवल	**77.08**(जमा)		**29.85**(जमा)		**129.85**(जमा)	

(ख) 8782-एक ही लेखा कार्यालय को लेखे प्रस्तुत करने वाले अधिकारियों के बीच नकद प्रेषण और समायोजन

लघु शीर्ष	2017-18		2018-19		2019-20	
	नामे	जमा	नामे	जमा	नामे	जमा
102-लोक निर्माण प्रेषण	54.87	231.32	90.37	431.89	30.78	333.64
निवल	**176.45**(जमा)		**341.52**(जमा)		**302.86** (जमा)	
103-वन प्रेषण	..	3.46	..	1.76	..	3.55
निवल	**3.46** (जमा)		**1.76**(जमा)		**3.55** (जमा)	

अनुबंध- ङ

मुख्य लेखा शीर्ष जिनमें मार्च 2020 में,वर्ष 2019-20(प्रा.) के कुल व्यय का 40 *प्रतिशत* और अंतिम तिमाही में 60 *प्रतिशत* से अधिक व्यय किया गया

(लेखाओं पर टिप्पणियॉ के पैरा 3(xi) में संर्दभित)

(₹ करोड़ में)

क्र.सं.	मुख्यशीर्ष	विवरण	वर्ष 2019-20 (प्रा.) के दौरान कुल व्यय	मार्च 2020 के दौरान व्यय	अंतिम तिमाही के दौरान व्यय	वर्ष 2019-20 (प्रा.) के कुल व्यय का प्रतिशत	
						मार्च	अंतिम तिमाही
1	2047	अन्य राज्य वित्तीय सेवाएं	2.69	1.19	..	44	..
2	2075	विविध सामान्य सेवाएं	148.92	145.06	148.63	97	100
3	2245	प्राकृतिक आपदाओं के कारण राहत	341.43	..	215.10	..	63
4	2250	अन्य सामाजिक सेवाएं	8.71	3.79	..	44	..
5	2425	सहकारिता	284.72	..	173.00	..	61
6	4058	लेखन सामग्री और मुद्रण पर पूजीगत परिव्यय	1.50	..	0.95	..	63
7	4425	सहकारिता पर पूंजीगत परिव्यय	67.25	56.46	64.89	84	96
8	4515	अन्य ग्रामीण विकास कार्यक्रमों पर पूंजीगत परिव्यय	28.59	..	18.96	..	66
9	5425	अन्य वैज्ञानिक तथा पर्यावरणी अनुसंधान पर पूंजीगत परिव्यय	11.50	..	8.30	..	72

अनुबंध- च

मुख्य लेखा शीर्ष-3435 के अंतर्गत व्यय

(लेखाओं पर टिप्पणियॉ के पैरा 3(xv) में संदर्भित)

मुख्य लेखा शीर्ष-3435-पारिस्थितिकी विज्ञान तथा पर्यावरण के अंतर्गत व्यय राज्य सरकार से प्राप्त वाउचरों/ सूचना के आधार पर संकलित

(₹ करोड़ में)

मुख्य शीर्ष	उप मुख्य शीर्ष	लघु शीर्ष	उप शीर्ष	विस्तृत शीर्ष	उद्देश्य शीर्ष	2017-18		2018-19		2019-20	
						बजट (मूल+पूरक)	व्यय	बजट (मूल+पूरक)	व्यय	बजट (मूल+पूरक)	व्यय
3435-पारिस्थितिकी और पर्यावरण	03-पर्यावरणीय अनुसंधान तथा पारिस्थितिकी पुनरूद्भवन	001-निर्देशन तथा प्रशासन	96-कार्य प्रगति पर किएगए परिव्यय (पी.एल.ओ.) पर्यावरण (ई.एन.वी.-पी.एल.ओ.-आर.इ.वी.)	51-एन.ए		..	..	..	..	..	..
			97-हरियाणा प्रशासनिक सुधार प्राधिकरण की सिफारिशों के कार्यान्वयन (एच.जी.आर.ए)	51-एन.ए		..	..	0.01	..	0.01	..
			99-संदर्भित प्रयोगशाला समेत निर्देशन तथा प्रशासन	98-स्थापना खर्च		1.51	1.51	2.03	1.66	2.45	1.90
				99-सूचना प्रोद्योगिकी		..	..	0.02	..	0.02	..
		800-अन्य व्यय	84-वातावरण परिवर्तन प्रभाव	51-एन.ए		0.06	0.06	0.25	0.06	0.25	0.07
			88-राज्य वार्तावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण	98-स्थापना खर्च		0.95	0.95	1.38	0.92	1.35	1.15
			89-गुडगांवा में पर्यावरण प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना	51-एन.ए		0.01	0.01	5.00	0.01	5.00	5.00
			92-ईको क्लब की स्थापना	51-एन.ए		1.00	1.00	1.50	0.32	1.50	1.50
			95-पर्यावरण प्रशिक्षण शिक्षा जागरूकता कार्यक्रम	51-एन.ए		0.37	0.37	0.90	0.10	0.50	0.11
			97-विशेष पर्यावरणीय अदालतों की स्थापना	98-स्थापना खर्च		1.67	1.67	2.01	1.88	2.01	1.88
कुल						**5.57**	**5.57**	**13.10**	**4.95**	**13.09**	**11.61**

© भारतकेनियंत्रक-महालेखापरीक्षक
2020

www.cag.gov.in

www.aghry.gov.in